दिन– शनिवार | दिनांक– 13 / 12 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. केन्द्र सरकार ने देश की पहली डिजिटल जनगणना के लिए ग्यारह हजार सात सौ अठारह करोड़ रुपये के बजट को दी मंजूरी। मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से होगा डाटा संग्रह।

02. राष्ट्रीय मखाना बोर्ड और मखाना विकास की केंद्रीय योजना के कार्यान्वयन की पहली बैठक नई दिल्ली में आयोजित। केन्द्र सरकार किसानों को मखाना के उन्नत बीज उपलब्ध करायेगी।

03. पटना उच्च न्यायालय समेत प्रदेश की सभी अदालतों में आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन। आपसी समझौते के आधार पर होगा विवादों को निपटारा।

04. और, प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर सुबह के समय कुहासा छाये रहने से ठंड में बढ़ोतरी। पिछले चौबीस घंटों के दौरान सात दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ पूसा राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा।

---

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने जनगणना दो हजार सत्ताईस के लिए ग्यारह हजार सात सौ अठारह करोड़ रुपये के बजट को मंजूरी दी है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि जनगणना दो चरणों में कराई जाएगी। यह देश की सोलहवीं और आजादी के बाद से आठवीं जनगणना होगी और इसके तहत जातिगत गणना भी कराई जाएगी।

–––बाइट–––

श्री वैष्णव ने कहा कि यह पहली डिजिटल जनगणना होगी। एंड्रॉइड और आई ओ एस दोनों मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से डेटा संग्रह किया जाएगा। श्री वैष्णव ने कहा कि जनगणना कार्य में तीस लाख कर्मियों को लगाया जाएगा।

–––बाइट–––

---

पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने कहा है जनगणना दो हजार सत्ताईस के केंद्र सरकार के निर्णय से जन सांख्यिकी संरचना को बेहतर रूप से समझने और हर वर्ग तक विकास योजनाओं को पहुंचाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि नये भारत के निर्माण में जनगणना मील का पत्थर साबित होगी।

---

राष्ट्रीय मखाना बोर्ड और मखाना विकास की केंद्रीय योजना के कार्यान्वयन की औपचारिक रूप से शुरूआत हो गयी है। कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय की ओर से नई दिल्ली में आयोजित बोर्ड की पहली समीक्षा बैठक में कई मुद्दों पर सहमति बनी। इसके अनुसार देश के सभी राज्यों की बीज आवश्यकताओं का पता लगाया जायेगा। विश्वविद्यालय और शोध संस्थाओं के मदद से किसानों को मखाना के गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराये जायेंगे। बैठक में बिहार कृषि विभाग के प्रधान सचिव पंकज कुमार और कृषि विश्वविद्यालय सबौर के कुलपति डॉक्टर डी.आर. सिंह समेत अन्य लोग मौजूद थे। इस दौरान बिहार समेत अन्य राज्यों के अनुसंधान संस्थानों की वार्षिक कार्य योजनाओं की भी समीक्षा की गयी। केन्द्र सरकार ने मखाना विकास के लिए वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस से दो हजार तीस–इकतीस की अवधि के लिए चार सौ छिहत्तर करोड़ तीन लाख रुपये की केंद्रीय योजना को मंजूरी दी है।

---

राज्य सरकार ने नवगठित तीनों विभागों की जिम्मेवारी प्रभारी मंत्रियों को सौंप दी है। इस संबंध में कैबिनेट विभाग से जारी अधिसूचना के अनुसार सिविल विमानन विभाग की जिम्मेदारी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पास ही रहेगी। उच्च शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी शिक्षा मंत्री सुनील कुमार संभालेंगे, जबकि युवा रोजगार और कौशल विभाग की जिम्मेदारी श्रम संसाधन विभाग के मंत्री संजय सिंह टाईगर को दी गयी है। इधर, कैबिनेट विभाग ने तीन विभागों के नामों में परिवर्तन की अधिसूचना भी जारी कर दी है।

---

उपमुख्यमंत्री सह राजस्व और भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने सभी अंचलाधिकारियों से पन्द्रह दिन के भीतर लम्बित मामलों को ठीक करने को कहा है। पटना में भूमि सुधार जनकल्याण संवाद अभियान की शुरूआत के दौरान अंचलाधिकारियों से बातचीत के दौरान उन्होंने ये निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य भूमि से जुड़ी सभी सेवाओं को पारदर्शी, आसान और समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराना है। श्री सिन्हा ने कहा कि यह संवाद कार्यक्रम अगले सौ दिनों तक राज्य के हरेक जिले में आयोजित किया जायेगा।

———बाईट———

---

केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर ने कहा है कि देश के राष्ट्रीय राजमार्गों की लंबाई वर्ष दो हजार चौदह में इक्यानवे हजार दो सौ सत्तासी

किलोमीटर से बढ़कर इस वर्ष सितंबर तक एक लाख छियालीस हजार पांच सौ साठ किलोमीटर हो गई है। उन्होंने नई दिल्ली में सड़क और राजमार्ग विकास में हुई तीव्र प्रगति की चर्चा करते हुये कहा कि पिछले पांच वर्षों में भारत में सत्तावन हजार किलोमीटर से अधिक राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण किया गया है। उन्होंने कहा कि ये विकास प्रधानमंत्री गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के अनुरूप है।

---

संसद की स्वास्थ्य और परिवार कल्याण से संबंधित स्थायी समिति ने अपनी एक सौ सड़सठवीं रिपोर्ट राज्यसभा में पेश की। समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि बिहार में दस लाख की आबादी पर एमबीबीएस की केवल इक्कीस सीटें हैं, जो अपर्याप्त है। समिति ने कहा है कि देश में औसत प्रति दस लाख जनसंख्या पर पचहत्तर एमबीबीएस सीट है, इसकी तुलना में बिहार काफी पीछे है। समिति ने सिफारिश की है कि राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग को उन राज्यों में नये चिकित्सा महाविद्यालय की स्थापना के लिए दिशा–निर्देश जारी करना चाहिए, जहां प्रति दस लाख की आबादी पर सौ से कम सीटें हैं।

---

पटना उच्च न्यायालय समेत प्रदेश की सभी अदालतों में आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। लोक अदालत में आपसी समझौते के आधार पर विभिन्न प्रकार के दीवानी और कुछ प्रकार के आपराधिक मामलों का निपटारा होगा। लोक अदालत में बैंक ऋण, बिजली वाद, वाहन दुर्घटना बीमा और श्रमवाद जैसे मामले आपसी सहमति के आधार पर निष्पादित किये जायेंगे।

---

राजगीर स्थित बिहार पुलिस अकादमी में आज प्रशिक्षु पुलिस अवर निरीक्षकों का दीक्षांत परेड समारोह आयोजित किया जायेगा। इस दौरान एक हजार दो सौ अठारह प्रशिक्षु पुलिस अवर निरीक्षक परेड में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री सह गृह मंत्री सम्राट चौधरी समारोह में मौजूद रहेंगे।

---

प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर सुबह के समय कुहासा छाये रहने से ठंड में बढ़ोतरी हुई है। हालांकि पिछले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के न्यूनतम तापमान में कोई विशेष बदलाव दर्ज नहीं किया गया। इस दौरान सात दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ समस्तीपुर का पूसा राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। वहीं, सबसे कम न्यूनतम दृश्यता दो सौ पचार मीटर पूर्णियां में दर्ज की गयी। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले दो से तीन दिनों के दौरान तापमान में

किसी विशेष परिवर्तन की सम्भावना नहीं है। सुबह के समय कुछ स्थानों पर हल्के से मध्यम स्तर का कुहासा छाया रहेगा।

---

प्रदेशभर में ठंड को देखते हुये शिक्षा विभाग ने सभी सरकारी विद्यालया के लिए संशोधित मॉडल समय सारणी जारी की है। इसके अनुसार सभी विद्यालय सुबह साढ़े नौ बजे से अपराह्न चार बजे तक संचालित होंगे। माध्यमिक शिक्षा निदेशक सज्जन आर. ने इस संबंध में निर्देश जारी कर दिये हैं। संस्कृत और उर्दू विद्यालय भी संशोधित मॉडल समय सारणी के अनुसार संचालित होंगे।

---

जनता दल यूनाईटेड ने विधानसभा चुनाव के दौरान पार्टी विरोधी गतिविधियों के मामले में चार जिलाध्यक्षकों को पद से हटा दिया है। इनके स्थान पर बगहा में प्रभात रंजन, पूर्वी चम्पारण में रतन सिंह पटेल, बेगूसराय में भूमि पाल राय और भोजपुर में भीम सिंह पटेल को नया जिलाध्यक्ष बनाया गया है।

---

नागरिक उड्डयन महानिदेशालय – डी जी सी ए ने पिछले सप्ताह इंडिगो की उड़ान सेवाओं में आई बाधा के मद्देनजर चार उड़ान संचालन निरीक्षकों – एफ ओ आई को वापस उनके देश भेज दिया है। इन चारों एफ ओ आई पर कड़ी कार्रवाई करते हुए, डी जी सी ए ने अपने आदेश में उन्हें तत्काल प्रभाव से कार्यमुक्त कर दिया है। ये निरीक्षक भारतीय विमानन नियामक के साथ संविदा पर कार्यरत थे। इधर, इंडिगो संकट के चलते जय प्रकाश नारायण अन्तरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पटना से कल ग्यारह उड़ाने रद्द रही। आज भी कई उड़ाने के रद्द रहने की सूचना है।

---

परिवहन सचिव राज कुमार ने कहा है कि किसी वाहन चालक का गलत चालान कटने पर वह इस संबंध में ऑनलाईन शिकायत भी कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि त्रुटिपूर्ण ई–चालन को निरस्त करने और संशोधन के लिए ई–चालान डॉट परिवहन डॉट जीओवी डॉट इन पर ऑनलाईन आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आवेदन ऑफलाईन मोड में भी स्वीकार होंगे।

---

राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के छत्तीस अधिकारियों का तबादला और पदस्थापन किया है। अनिल कुमार को सूचना और जन सम्पर्क विभाग का निदेशक बनाया गया है जबकि मंयक वरबड़े को योजना विकास विभाग का सचिव बनाया गया

है। धर्मेन्द्र कुमार सामाजिक सुरक्षा निदेशक, उपेन्द्र प्रसाद श्रम संसाधन विभाग के अपर सचिव और नवीन कुमार सिंह पंचायती राज निदेशक बनाये गये हैं।

---

आज पूरा देश उन सुरक्षाकर्मियों और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है जिन्होंने चौबीस वर्ष पहले तेरह दिसंबर दो हजार एक को हुए आतंकवादी हमले में संसद की रक्षा करते हुए अपनी जान गंवाई थी। उनकी स्मृति में संसद भवन परिसर में सुरक्षाकर्मियों और शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित करने के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय मंत्री और संसद सदस्य संसद भवन में सुरक्षाकर्मियों और शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित करेंगे।

---

अररिया जिले के सीमावर्ती क्षेत्र कुआंरी बीओपी से बाह्य चौकी तक पांच किलोमीटर बॉर्डर यूनिटी रन का आयोजन किया गया। अररिया एसएसबी 52वीं बटालियन के कमांडेंट ने बताया कि सीमा क्षेत्र में ड्यूटी पर तैनात एसएसबी और स्थानीय लोगों के बीच स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने और सामाजिक सोहार्द बढाने के उददेश्य से यह दौड़ आयोजित की गई।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने केन्द्रीय मंत्रिमंडल के फैसले पर लिखा है– देश में पहली बार ऐप से जनगणना। ग्यारह हजार सात सौ अठारह करोड़ रूपये मंजूर।

दैनिक भास्कर ने ईओयू की कार्रवाई पर लिखा है– बैंक अफसर के पास चालीस लाख कैश, कई प्लॉट और पेट्रोल पंप।

दैनिक जागरण ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हवाले से लिखा है– जीविका दीदियां राज्य की आर्थिक स्थिति में सुधार का आधार।

प्रभात खबर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के बयान पर लिखता है– राज्य सरकार लालू प्रसाद की जब्त सम्पत्ति पर खोलेगी स्कूल।

राष्ट्रीय सहारा की सुर्खी है– यूपीएससी परीक्षाओं में दिव्यांगों को पसंदीदा केन्द्र।

आज अखबार ने खेल की खबर पर लिखा है–यूथ वन–डे में बिहार के वैभव का धमाका, एक मैच में चौदह छक्के लगाकर बनाये रिकॉर्ड।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. केन्द्र सरकार ने देश की पहली डिजिटल जनगणना के लिए ग्यारह हजार सात सौ अठारह करोड़ रुपये के बजट को दी मंजूरी। मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से होगा डाटा संग्रह।

02. राष्ट्रीय मखाना बोर्ड और मखाना विकास की केंद्रीय योजना के कार्यान्वयन की पहली बैठक नई दिल्ली में आयोजित। केन्द्र सरकार किसानों को मखाना के उन्नत बीज उपलब्ध करायेगी।

03. पटना उच्च न्यायालय समेत प्रदेश की सभी अदालतों में आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन। आपसी समझौते के आधार पर होगा विवादों को निपटारा।

04. और, प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर सुबह के समय कुहासा छाये रहने से ठंड में बढ़ोतरी। पिछले चौबीस घंटों के दौरान सात दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ पूसा राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।